लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी में कोरोना वैक्सीनेशन के दूसरे चरण में शुक्रवार को निजी व सरकारी मिलाकर कुल ३५ अस्पतालों में ८\‍५०० लाभार्थियों का टीकाकरण किया जाएगा। इस बार लाभार्थियों की संख्या ज्यादा है। बलरामपुर अस्पताल में पिछली बार सिर्फ सौ लाभार्थी थे लेकिन इनकी संख्या ३०० निर्धारित की गयी है। इसी प्रकार अन्य अस्पतालों में संख्या बढ़ायी गयी है। सभी सेन्टरों पर पूर्वाह्न १० से सायं ५ बजे तक वैक्सीनेशन किया जाएगा। ध कोरोना टीकाकरण में कोविशील्डदृकोवैक्सीन दोनों प्रकार की शामिल की गयी हैं। बृहस्पतिवार को जनपदीय वैक्सीन स्टोरेज प्वाइंट से २० कोल्ड चेन प्वाइंट पर वैक्सीन भेज दी गई। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एमके सिंह ने बताया कि ऐशबाग में जनपदीय वैक्सीन स्टोरेज सेंटर बनाया गया है। इसके अलावा विभिन्न सीएचसी पर कोल्ड चेन प्वाइंट हैं। वैक्सीन वाहन पुलिस की कड़ी सुरक्षा में रवाना किया गया। सभी कोल्ड चेन प्वाइंट पर भी पुलिस का पहरा बढ़ा दिया गया है। इन कोल्ड चेन प्वाइंट से शुक्रवार को सुबह आठ बजे से अस्पतालों में वैक्सीन पहुंचेगी। जिन कोल्ड चेन प्वाइंट पर वैक्सीन पहुंचायी गयी हैं उनमें सरोजनी नगरॉ अलीगंजॉ चिनहटॉ मलिहाबादॉ मालॉ मोहनलालगंजॉ छितवारपुरॉ बीकेटीॉ गोसाईगंजॉ गुडंबाॉ काकोरीॉ सेवा सदनॉ ऐशबागॉ आलमबागॉ इंदिरा नगरॉ सिल्वर जुबलीॉ टुडियागंजॉ इटौंजाॉ नगरामॉ एनके रोड सीएचसी पर पर कोल्ड चेन प्वाइंट बनाए गए हैं। इन केन्द्रों से सुबह आठ बजे तक वैक्सीन ३५ अस्पतालों में पहुंचायी जाएगीॉ इनमें किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू)ॉ पीजीआईॉ लोहिया संस्थानॉ बलरामपुर अस्पतालॉ वीरांगना अवंतीबाई अस्पताल में टीकाकरण का दोबारा सत्र लगेगा। इसके अलावा महानगर स्थित बीआरडीॉ कानपुर रोड़ स्थित लोकबंधु अस्पतालॉ पार्क रोड़ स्थित सिविल अस्पतालॉ हजरतगंज स्थित झलकारी बाई अस्पतालॉ राजाजीपुरम स्थित आरएलबी अस्पतालॉ आरएसएम साढ़ामझ में पहली बार वैक्सीनेशन होगा। दूसरी तरफ चिनहटॉ मालॉ मोहनलालगंज के अलावा सरोजनी नगरॉ अलीगंजॉ मलिहाबादॉ छितवारपुरॉ बीकेटीॉ गोसाईगंजॉ गुडंबाॉ काकोरीॉ सेवा सदनॉ ऐशबागॉ आलमबागॉ इंदिरा नगरॉ सिल्वर जुबलीॉ टुडियागंजॉ इटौंजाॉ नगरामॉ एनके रोड सीएचसी पर पहली बार टीकाकरण होगा। वहीं चिनहट के महात्मा गांधी अस्पताल में भी टीकाकरण सत्र चलेगा। निजी अस्पताल में गोमतीनगर स्थित सहारा हास्पिटलॉ दुबग्गा स्थित एरा मेडिकल कालेजॉ शहीद पथ स्थित मेदांता हास्पिटल व सरोजनीनगर स्थित टीएसमिश्रा मेडिकल कॉलेज में वैक्सीनेशन किया जाएगा। ध तीन अस्पतालों में कोवृ वैक्सीन का लगेगा टीकाः तीन अस्पतालों में कोवैक्सीन लगायी जाएगी। इसके अलावा अन्य अस्पतालों में कोविशील्ड की डोज दी जाएगी। कोवैक्सीन वाले अस्पतालों में सिविल अस्पताल में २०४ॉ लोकबंधु अस्पताल में ३४३ और आरएलबी अस्पताल में ४२८ हेल्थ वर्कर को वैक्सीन लगेगी। खास बात यह है कि एक लाभार्थी को एक ही कम्पनी की दोनों बार डोज लगेंगी। इसका ब्यौरा वैक्सीन कार्ड पर लिखा जाएगाध। पोर्टल सिस्टम अपडेटॉ लाभार्थियों को मिला संदेश : पोर्टल सिस्टम भी अपडेट किया गया है। इसमें कौन सी वैक्सीन लगी। इसका भी मैसेज लाभार्थियों को भेजा गया है। इसके अलावा पंजीकृत लाभार्थियों में गर्भवती व प्रसूता का नाम भी हटाया जा रहा है। वैक्सीन संबंधी किसी भी दिक्कत या जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। टोल फ्री नंबर १८००१८०५१४५ पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा कोविड कंट्रोल रूम पर भी वैक्सीनेशन से जुड़ी सहायता मिलेगी। इसके नम्बर ०५२२दृ४५२३००० पर संपर्क करें। ध वैक्सीनेशन में शामिल न होने वाले लाभार्थी को नहीं मिलेगा दूसरा मौकाः १६ जनवरी को वैक्सीनेशन में लगभग ४०० से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों ने वैक्सीन नहीं कराया था। जिन्हें दूसरे चरण में मौका दिया गया है लेकिन इस बार जो भी लाभार्थी वैक्सीनेशन नहीं करवाएगा उसे अब दूसरा मौका नहीं मिलेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संजय भटनागर ने बताया कि वैक्सीन की दूसरी डोज भी उसी वैक्सीन ब्रंड की होनी चाहिएॉ जिसकी लाभार्थी को पहली डोज लगी हो। इसके अलावा वैक्सीन १८ वर्ष से कम आयु वर्ग को नहीं दी जाएगी। पिछली डोज में लाभार्थी को यदि एनॉफिलेक्सिस या एलर्जिक रिएक्शन हुआ है उसे वैक्सीन नहीं दी जाएगीध। कोल्ड चेन प्वाइंट पर भी पुलिस का पहराॉ सुबह ८ बजे भेजी जाएगी वैक्सीनध २८ व २६ जनवरी को भी होगा टीकाकरण ।

प्रदेश को इलेक्ट्रिक बसों का तोहफा

लखनऊ। प्रदेशवासियों के लिए अच्छी खबर है कि मत्त्य्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर लखनझ समेत प्रदेश के १४ शहरों में इलेंट्रिक सिटी बसों का संचालन एक ही प्राइवेट ऑपरेटर करेगा। बस संचालन के पूरी रूपरेखा तैयार हो गई है। बस ऑपरेटर से १० साल का करार भी हो गया है। चार्जिंग प्वाइंट भी तैयार किये जा रहे हैं। जत्त्लाई से १४ शहरों में इलेंट्रिक एसी बसों का संचालन शत्त्रू हो जाएगा। ध पहले सूबे में इलेंट्रिक एसी बसों का संचालन राज्य सरकार ने करने का निर्णय लिया था। अब प्रदेश के १४ शहरों में ७०० सिटी बसें प्राइवेट ऑपरेटर को चलाने को दिया गया है। इस तरह की व्यवस्था देश के कई राज्यों व अन्य शहरों में लागू है। १४ शहरों में चलने वाली सिटी बसों के लिए प्राइवेट ऑपरेटर से करार हो गया है। ऑपरेटर से बस चलाने का दस साल का करार भी हो चुका हैं। निजी बस ऑपरेटर को प्रतिदिन १८० किलोमीटर इलेंट्रिक सिटी बस चलाना होगा। रोडवेज की अनत्त्बंधित बसों की तर्ज पर प्रति किलोमीटर से भत्त्गतान होगा। बस ऑपरेटर के होगाॉ रखरखाव उसी को करना होगा और ड्राइवर भी उसी का होगा। कंडक्टर सिटी बस कंपनी का होगा। इन बसों का संचालन स्पेशल परपज व्हीकल (एसपीवी) के जरिए किया जाएगा। जैसे लखनऊ में इन बसों का संचालन सिटी बस ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के हवाले होगा। वर्तमान में यही कंपनी लखनऊ में सिटी बसों का संचालन कर रही है।नगरीय परिवहन निदेशालय के संयुक्त निदेशक अजीत सिंह ने बताया कि इलेंट्रिक सिटी बसों के संचालन के लिए सारी औपचारिकताएं पूरी हो गयी हैं। इन दिनों लखनझ में पांच दत्त्बगॉ पी फोर पार्किंगॉ राजाजीपत्त्रमॉ विराजखंड और राम राम बैंक में चार्जिंग प्वाइंट बन रहे हैं। इसके अलावा १३ अन्य शहरों में भी चार्जिंग प्वाइंट तैयार किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जत्त्लाई तक इलेंट्रिक बसों का संचालन १४ शहरों में शत्त्रू हो जाएगा। केंद्र सरकार देगी बस पर ४५ लाख की सब्सिडीः इलेंट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने व्यापक कदम उठाए हैं। शहरों में प्रदूषण को कम करने के लिए केंद्र सरकार का ÷झान इलेंट्रिक बसों के संचालन पर है। निजी बस ऑपरेटर को प्रत्येक बस के खरीदने पर केंद्र सरकार ४५ लाख की सब्सिडी देगी। राज्य सरकार ऑपरेशन और रखरखाव का खर्चा निजी ऑपरेटरों को देगी। गुरुग्राम में बन रहीं इलेंट्रिक सिटी बसेंः प्रदेश के १४ जिलों में चलने वाली ७०० इलेंट्रिक सिटी बसों का निर्माण गत्त्÷ग्राम के निकट पीएमआई कंपनी में किया जा रहा है। चार्जिंग प्वाइंट तैयार होने के बाद इलेंट्रिसिटी बसों के आने का सिलसिला शत्त्रू हो जाएगा। जत्त्लाई से पहले ७०० बसों का निर्माण हो जाएगा। इससे पहले चार इलेंट्रिक एसी बसें ट्रायल के लिए आएगी। उल्लेखनीय है कि इसी कंपनी को १४ शहरों में इलेंट्रिक सिटी बसें चलाने का ठेका दिया गया हैध।

‘सेटिंग’ में लगा बाग काटने का आरोपी

लखनऊ (संवाददाता)। काकोरी क्षेत्र में अवैध रूप से काटे गये ११६ आम के पेड़धें के मामले में गुरु□वार को भी मुख्य आरोपित प्रापर्टी डीलर अवध राम यादव पुलिस व वन विभाग की टीम की पकड़ध से दूर रहा। सूत्र बताते हैं कि प्रापर्टी डीलर इस मामले को शांत कराने के लिए श्सेटिंगश में लगा हुआ है। खास बात यह है कि छह बीघे आम की बाग कटने जैसे बडझ़ी मामला होने के बावजूद वन महकमा कार्रवाई को लेकर सुस्त हो गया है। ध काकोरी क्षेत्र के सैदपुर गांव में आउटर रिंग रोड के नजदीक पारा निवासी प्रापर्टी डीलर राम अवध यादव ने अवैध तरीके से स्थानीय वन व पुलिस कर्मियों से सांठगांठ कर करीब छह बीघा आम की बाग काटा ड़ाली थी। मीडिया में मामले उछलने के बाद रेंज अफसर ने काकोरी थाने में ११६ पेड़ो की कटान के मुख्य आरोपित पारा के कुल्हड़ कटा गांव निवासी प्रॉपर्टी डीलर अवध राम यादव और बाग मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बौर से लदे हुए छह बीघे आम की बाग कटने के मामले में वन विभाग द्वारा कुछ इस तरह से कार्रवाई की जा रही है जो अमूमन एकदृ दो पेड़ काटने वालों के साथ की जाती है। इस तरह अवैध रूप से इतने बड़े पैमाने पर पेडों को काटने वाले प्रॉपर्टी डीलर अवधराम यादव के खिलाफ सिर्फ वन संरक्षण अधिनियम के तहत मामले को हल्का किया जा रहा है। इस मामले में बाग कटवाने में संलिप्त कर्मचारियों के खिलाफ भी अभी तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गयी हैध। जिन पर संलिप्तता का आरोपॉ वही कर रहे हैं जांचः बहुजन आवाम पार्टी महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलम सरोज ने वन विभाग की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा है कि आम के पेड़ईं की अवैध कटान मामले में काकोरी वन क्षेत्र के कर्मचारियों पर प्रापर्टी डीलर के साथ संलिप्तता के आरोप है। आरोप लगने के बावजूद इसी क्षेत्र के रेंजर को मामले की जांच दी गयी है। इससे वन विभाग के मंशा पर भी सवालिया निशान लग रहे है। ध नीलम सरोज ने मांग की है कि इस प्रकरण की किसी अन्य अधिकारी से जांच कराकर अवैध कटान में संलिप्त कर्मचारियों के खिलाफ कडझ़ी कार्रवाई की जाए।

ऑनलाइन कार इंश्योरेंस पड़ा भारी

लखनऊ (संवाददाता)। चाचा जीॉ आगे पुलिस चेकिंग कर रही है और आप सोना पहनकर घूम रहे हैं। उतारकर रख लीजिएॉ वरना चालान हो जाएगा। कृष्णानगर इलाके में कुछ ऐसा ही झांसा देकर बाइक सवार दो उचक्कों न बुजुर्ग को बातों में फंसाया। सोने का कड़ध व अंगूठी उतरवाकर कागज में लपेटी और फिर पुडिध्या बनाकर थमा दी। इसी तरह तालकटोरा में पुलिसकर्मी बन उचक्के बुजुर्ग का सोने का कड़ध लेकर फुर्र हो गयेध। कृष्णानगर के आलमबाग अर्जुननगर में इकबाल सिंह परिवार के साथ रहते हैं। उनके पिता निरंजन सिंह (८५) मंगलवार की दोपहर कमेटी हॉल स्थित जेपी स्टेशनरी दुकान पर बैठे थे। करीब पौने दो बजे वे स्कूटी से घर जाने के लिए निकले। जैसे ही वे मॉस्टर मोटर ट्रेनिंग के पास पहुंचॉ तभी बाइक सवार दो युवकों ने ओवरटेक कर रोका। कहा कि चाचा जीॉ आप सोने का कड़ध व अंगूठी पहने हो। इसे उतारकर रख लीजिएॉ आगे पुलिस चेकिंग कर रही हैध। आपने मॉस्क भी नहीं पहना हैॉ जिसपर चालान हो जाएगा। यह सुनकर निरंजन सिंह घबरा गये। उन्होंने कड़ध व दो अंगूठी उतारीॉ तभी उचक्कों ने एक कागज लपेटकर रखने के लिए दिया। निरंजन सिंह पुडिध्या डिध्गी में रखने लगॉ तभी उचक्के ने बातों में फंसाकर पुडिध्या बदलकर डिध्गी में रख दिया। आगे जाकर निरंजन सिंह ने पुडिध्या खोली तो पैरों तले जमीन खिसक गयीध। पुलिस ने लोहे का कड़ध व पत्थर का टुकड़ध था। घर पहुंचकर उन्हेंने आपबीती परिजनों को बतायी। बेटे इकबाल सिंह ने कंट्रोल रूम पर सूचना दी। पुलिस ने छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर महेश कुमार दुबे ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसी फुटेज खंगाले जा रहे हैध। वहीॉ राजाजीपुरम के ईदृब्लॉक निवासी प्रीतम सिंह (६५) गुरुवार दोपहर दुर्गा पूजा पार्क के पास टहलने निकले थे। बाइक सवार युवक ने उन्हें रोका। खुद को पुलिसकर्मी बता सामने खड़ेध साहब के पास ले गया। इसी बीच तीसरा साथी भी वहां आ गया। तीनों ने बैंक में ड़कैती की बात कहकर चेकिंग की बात कही और जेवर उतारकर रखने की नसीहत दीध। प्रीतम सिंह ने सोने का कड़ध उतारा और कागज में लपेटकर थमा दिया। बाद में बुजुर्ग ने पुडिध्या खोलकर देखी तो प्लास्टिक का कड़ध मिला। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसी फुटेज की मदद से पड़धताल कर रही हैध। कृष्णानगर व तालकटोरा थाना क्षेत्र में हुई वारदातॉ पीडिध्तों ने दर्ज करायी रिपोर्टध गंवाए ३० हजारॉ जालसाज ने जाली इंश्योरेंस प्रमाण पत्र भी भेजाॉ गौतमपल्ली में मुकदमाध लखनऊ (संवाददाता)। ऑनलाइन दो कार का बीमा कराने के फेर में गौतमपल्ली का शख्स ठगी का शिकार हो गया। जालसाजों ने बीमा कम्पनी का कर्मचारी बन करीब ३० हजार रु□पये खातों में ऐंठ लिए। यही नहीं आरोपित ने जाली इंश्योरेंस प्रमाण पत्र भी भेज दिया। गौतमपल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही हैध। गौतमपल्ली इलाके में लाल बचन यादव परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी इनोवा कार का इंश्योरेंस २८ अक्टूबर २०२० को खत्म होना था। लिहाजा २७ अक्टूबर को पॉलिसी बाजार द्वारा ईफको टोकिओ के माध्यम से दोबारा इंश्योरेंस कराया। जिसकी पुष्टि टोल फ्री नम्बर द्वारा की गयी और बीमा के २२ॉ६३४ रुपये दीप्ति के एक्सिस बैंक खाते में ट्रांसफर किये। इसके बाद ऑनलाइन इंश्योरेंस प्रमाण पत्र भी मिल गयाध। लाल बचन ने दूसरी कार स्विफ्ट का बीमा भी उसी कम्पनी से कराया और ७ हजार रुपये ट्रांसफर किये। इस दौरान दो मोबाइल नम्बर पर बात भी हुई। फोन के पीछे मौजूद युवती ने अपना नाम ज्योति मिश्रा बतायाध। दूसरी पॉलिसी कराने पर इफको टोकियो से बात करने पर पता चला कि दोनों गाडिध्यों का बीमा कम्पनी द्वारा नहीं किया गया है। बीमा के नाम पर करीब ३० हजार की ठगी का एहसास होने पर पीडिध्त ने गौतमपल्ली थाने में बुधवार को धोखाधड़ध व आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी हैध। इंस्पेक्टर आलोक कुमार राय ने बताया कि साइबर क्राइम सेल की मदद से पड़धताल की जा रही हैध।

आश्रय केन्द्रों में भूखे मर रहे बेजुबान

इटौंजा–लखनऊ (संवाददाता)। इटौंजा क्षेत्र के पशत्त आश्रय केंद्रों के निर्माण पर सरकार ने लाखों ÷पए खर्च किए उसके बावजूद भी मवेशियों के लिए न तो चारे का प्रबंध है और न ही छाया न पानी की व्यवस्था है पशत्त आश्रय केंद्र में ठंड और कोहरा से अपनी जान बचाने के लिए पेड़ का आश्रय ले रहे हैं आश्रय केंद्रों पर पशत्तओं को चारा न मिलने से भूखे मर रहे हैं। इटौंजा क्षेत्र के पशत्त आश्रय केंद्र भगवतीपत्त्र ढिलवासी में न तो चारा का प्रबंध है केंद्र में पानी की व्यवस्था नहीं है छाया के नाम पर सिर्फ एक टीन शेड खड़ा है जबकि यहां पर १०० से अधिक पशत्त हैं जो जाड़े की ठंड से कांप रहे हैं दर्जनों मवेशी पशत्त आश्रय केंद्र के एक कोने में दत्त्बके बैठे खड़े रहते हैं चारे की कमी से अधिकांश मवेशी दत्त्बले हो गए हैं उनको चलना उठना बैठना मत्त्हाल हो गया है पशत्तओं में खत्त्र पका की बीमारी बढ़ रही है कोई इलाज के लिए डॉक्टर तक नहीं आतेद्य। ऐसा ही हाल पशत्त आश्रय केंद्र भगवतीपत्त्र परसहिया उसरना तथा अन्य गांव में बने पशत्त आश्रय केंद्र का है इस क्षेत्र में इंदारा महिगवा सहादत नगर गढ़ा किशत्त्नपत्त्र उसरना भगवतीपत्त्र मंडौली नगर पंचायत इटौंजा सहित १ दर्जन से अधिक केंद्र हैं। कई पशत्त केंद्रों से टैग लगे हत्त्ए पशत्त बाहर घूम रहे हैं उनको भरपेट चारा नहीं मिलता है जिला समन्वयक मनरेगा ने बताया कि १६ पशत्त आश्रय केंद्र जिन के निर्माण में मनरेगा के तहत एक करोड़ २०००००० ÷पए की धनराशि खर्च की गई इसके बावजूद भी पशत्त आश्रय केंद्रों की दशा बेहाल है। प्रत्येक पशत्त आश्रय केंद्र को प्रति पशत्त रु□. ३० प्रतिदिन चारा के मिलते हैं पर भगवतीपत्त्र पशत्त आश्रय केंद्र में एक भी जानवर नहीं है और पशत्तओं का पैसा पता नहीं कहां चला जाता है जब इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि पशत्तओं को भरपेट चारा दिया जाता है लेकिन हकीकत पशत्त आश्रय केंद्र को देखकर ज्ञात हो जाती है ऐसे कड़ाके की ठंड में पशत्त बेहाल है पर उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है। एडिशनल कमिश्नर की जांच के बावजूद नहीं बदले आश्रय केंद्रों के हालात) पशत्त आश्रय केंद्र भगवतीपत्त्र ढिलवासी शहादत गढा उसरना व अन्य पशत्त केंद्रों की हालत नहीं बदल सकी उसरना में कई पशत्तओं की मौत हो चत्त्की है पर उनकी कोई देखभाल करने वाला नहीं है वे घास के तिनके बीनकर अपना जीवन की रक्षा कर रहे हैं। ३ डॉक्टर चार पशत्त्धन प्रसार अधिकारियों के सहारे १६ पशत्त आश्रय केंद्र) पशत्त चिकित्सालय इटौंजा के डॉक्टर ने बताया की पशत्त आश्रय केंद्र की मानिटरिंग वा बीमार पशत्तओं की देखभाल के लिए ३ पशत्त चिकित्सा अधिकारी व ४ पशत्त्धन प्रसार अधिकारी को लगाया गया है लेकिन इतने कम स्टाफ के चलते पशत्तओं की चिकित्सा व देखरेख राम भरोसे है पशत्त आश्रय केंद्र की जानकारी जब खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया क्षेत्र में २० पशत्त आश्रय केंद्र हैं।

कृष्णानगर व गाजीपुर में पकड़े गये 4 चोर

लखनऊ (संवाददाता)। कृष्णानगर पुलिस ने दो शातिर चोरों को वीआईपी रोड़ पकरी पुल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी के दो मोबाइलों तमंचा व कारतूस बरामद किया है। वहीं गाजीपुर पुलिस ने बंद मकान में चोरी करने वाले दो चोरों को दबोचा है। आरोपितों के पास से स्मैकों नकदीं तारों पाइप व बैटरी बरामद की हैद्य। इंस्पेक्टर कृष्णानगर महेश कुमार दुबे ने बताया कि आरोपितों ने अपना नाम आशिक थारू निवासी तालकटोरा हालपता नटबस्ती आजादनगर कृष्णानगर व राहुल निवासी द्द रमंगतखेड़ध मोहनलालगंज बताया। पड़घ्ताल में सामने आया कि आरोपितों ने १५ दिसम्बर को चोरी की थीद्य। वहीं गाजीपुर इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपित सलमान उर्फ बुग्गा निवासी बहराइच व राशिद अली उर्फ मोनू निवासी पुराना महानगर को पकड़घ गया है। आरोपितों ने ८ जनवरी को एदृ ब्लॉक निवासी अनुराग राजपूत के बंद मकान में चोरी की थीद्य। चोरी के दो मोबाइल तमंचॉ नकदी व वॉयर बरामदद्य प्रिंसिपलों उनकी बहन समेत चार लोगों ने दर्ज करायी थी रिपोर्टद्य पीएम आवास योजना के नाम पर ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तारद्य लखनऊ (संवाददाता)। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निजी कम्पनी खोल मकान दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले जालसाज को विकासनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने टीड़ी गर्ल्स कालेज की प्रिंसिपल व उनकी बहन समेत चार लोगों से ठगी की थी। पुलिस मामले के दूसरे आरोपित की तलाश कर रही हैद्य।

डीसीपी रईस अख्तर ने बताया कि इंस्पेक्टर अनिल कुमार व उनकी टीम ने आरोपित मो. उबैद को पकड़घ है। यह मूलरूप से आजमगढ़{ के दीदारगंज का रहने वाला है। आरोपित उबैद व अशफाक टेढ़ी पुलिया के खान प्लाजा में रिवाइवेल इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड़ नाम से कम्पनी चलाते थे। आरोपितों के खिलाफ प्रिंसिपल लप्मी सिंह व उनकी बहन सुधा सिंह ने ५.०३ लाख हड़घ्पने का आरोप लगाया था। आरोप है कि आरोपित दोनों महिलाओं को आवासीय योजना की साइट पर ले गये और कहा कि इसी प्रोजेक्ट के पीएम आवास योजना के मकान बनने हैं।

जिसमें आप आवास इस पर सुधा सिंह ने ३.५१ लाख व लप्मी सिंह ने १.५२ लाख रु□पये का भुगतान किया। आरोपितों के खिलाफ १७ जनवरी को विकासनगर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि इन्दिरानर निवासी कुंती ने १.५६ लाख की ठगी की रिपोर्ट ५ दिसम्बर व सीतापुर के सत्यप्रकाश मिश्रा ने ३० मार्च को रिपोर्ट दर्ज करायी थीद्य।

ऑनलाइन ड्रेस खरीदने के फेर में युवती के खाते से उड़घए 89 हजार

लखनऊ (संवाददाता)। नारीलुक ड़ॉट कॉम पर ऑनलाइन ड्रेघ्स लेने के फेर में युवती ठगी का शिकार हो गया। सीओड़ी कर युवती ने ड्रेघ्स ली। खराबी के चलते कस्टमर केयर पर कॉल की तो जालसाज ने रुपये वापस करने का झांसा देकर खाते से ८६ हजार रुपये पार कर दिये। पीडिघ्ता ने चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेघ्य ने बताया कि साइबर क्राइम सेल की मदद से पड़घ्ताल की जा रही हैद्य। विकल्पखण्ड़ स्थित एल्डिघ्को ग्रीन बुड़ सोसाइटी में ऐश्वर्या गुप्ता परिवार के साथ रहती है। ११ जनवरी को ऐश्वर्या ने नारीलुक ड़ॉट कॉम से एक ड्रेघ्स बुक की थी। चार दिन बाद शैड़ोफैक्स कोरियर से पार्सल आया। उन्होंने ६६६ रुपये नकद देकर पार्सल लिया। ड्रेघ्स में खराबी देख ऐश्वर्या ने फेसबुक से नारीलुक कस्टमर केयर पर कॉल की लेकिन नम्बर बिजी रहाद्य। कुछ मिनट बाद ८६१७४३से कॉल आयी। फोनकर्ता ने खुद को कस्टमर केयरकर्मी बताया। पीडिघ्ता ने ड्रेघ्स में खराबी के चलते वापस करने की बात कहते हुए रुपये मांगे। जालसाज ने गूगलदृपे से रुपये भेजने का झांसा दिया और फिर खाते से ६६६२ रुपये पार कर दिये। पीडिघ्ता के विरोध करने पर जालसाज ने कहा कि यह वैरिफिकेशन के लिए हैं आपके रुपये वापस मिल जाएंगे।झांसा देकर जालसाज ने इसी तरह से खाते से और दो बार में ७६ॉ०२६ रुपये गायब कर दिये। शक होने पर पीडिघ्ता ने पड़घ्ताल की तो ठगी का पता चला। ८८ॉ६८८ रुपये की ठगी का एहसास होने पर पीडिघ्ता ऐश्वर्या गुप्ता ने चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

कोरोना: 63 पॉजिटिव 74 डिस्चार्ज

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी में कोरोना संक्रमरण की रफ्तार धीमी पड़घ रही हैं जबकि जांचों का आकड़घ छह हजार के पार है। बृहस्पतिवार को ६३ नये मरीजों में कोरोना की पुष्टि की गयी जबकि ७४ लोगों ने कोरोना को मात दी। इसके अलावा कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों ने ६३०३ लोगों के सैम्पल लिये गये है। द्द राजधानी के सभी इलाकों में कोरोना संक्रमितों की संख्या घटी है। अभी तक ७७६८३ लोगों में कोरोना से ठीक हो चुके हैं जबकि १८४५ मरीजों का उपचार जारी है। इनमें बड़घी संख्या में लोग होम आइसोलेशन में उपचार करा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की सूची में ६३ कोरोना संक्रमितों में सबसे ज्यादा गोमतीनगर क्षेत्र में छह मरीजों में पुष्टि की है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम इन मरीजों के सम्पर्क में आये लोगों के नमूने लेने शुरू कर दिये हैं। इसी प्रकार चौकॉ रायबरेली रोड़ॉ कैन्ट और इंदिरानगर में पांचदृपांच मरीजों में कोरोना की पुष्टि की गयी। इसके अलावा राजधानी के अन्य क्षेत्रों में इक्कादृदुक्का ही मरीज वायरस की चपेट में आये। मुख्य चिकित्साधिकारी के प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि कोविड प्रोटोकाल के तहत ३६ रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से देर शाम तक १३ रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष ३३ रोगियों ने होम आईसोलेशन का विकल्प चुना। अभी तक कुल होम आईसोलेशन में ६२०८२ रोगीं होम आईसोलेशन पूरा करने वाले ६१३५० तथा सक्रिय होम आईसोलेशन में ७३२ मरीजों का उपचार जारी है।

राजनीति में मेरी भूमिका चाय के एक कप से ज्यादा नहीं: कपिलदेव

लखनऊ (संवाददाता)। मशहूर क्रिकेटर कपिल देव ने कहा कि क्योंकि राजनीति में अपना व्यक्तित्व बदलना पड़ता है इसलिए वह राजनीति में नहीं जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देख कर मत्त्झे यह अनत्त्भव हत्त्आ है कि पार्टी प्रमत्त्ख के साथ एक सत्त्र में सत्त्र मिलाकर जनता को धोखा देना मेरे लिए संभव नहीं है। पार्टी में जाकर वह अपने स्वयं के स्वाभाविक सोच पर अंकत्त्श नहीं लगाना चाहते। भारतीय क्रिकेट टीम को पहला विश्व कप दिलाने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कोलकाता के प्रभा खेतान फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन सत्र 'एक मत्त्लाकातश में यह बातें कही। द्द रूही स्याल द्वारा इस लाइव सत्र में कपिल देव ने कहॉ चत्त्नाव जीतना या हारना तब तक अलग है जब तक मेरी अपनी खत्त्द की राय इसमें शामिल न हो। उन्हें लगता है कि राजनीति में उनकी भूमिका चाय के एक कप से ज्यादा नहीं हैं मेरी माँ ने मत्त्झे कहा था कि मत्त्झे खेल के अलावा कभी दूसरी तरफ नहीं जाना चाहिए क्योंकि मेरे पास इसके लिए अच्छा अनत्त्भव नहीं है। इसलिए मैंने कभी एक्टिंग की दत्त्निया में जाने की कोशिश नहीं की। मैंने अभिनय नहीं किया हैं लेकिन एक फिल्म को और बेहतर बनाने और इसमें सच्चाई लानेधदिखने के लिए सिर्फ कपिल देव की भूमिका को करीब से देखनें समझने और जानने के लिए अपने विचारों को साझा किया है। द्द अपने आने वाले बायोपिक के बारे में जिसमें रणवीर सिंह और दीपिका पादत्त्कोण उनकी और उनकी पत्नी रोमी के रोल को चित्रित करेंगें पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान ने कहा कि यह फिल्म १६८३ में भारत की विश्व कप जीत की यात्रा के बारे में है। यह भारतीय क्रिकेट टीम पर हैं जिसने विश्व कप जीता था। इस फिल्म के जरिये निर्माता उस यात्रा के अच्छे और बत्त्रे दोनों अनत्त्भवों को लोगों के सामने लाने की कोशिश कर रहे हैंद्य।

सचल दल में प्रभारी के रूप में तैनात हो सकते हैं वाणिज्य कर अधिकारी !

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश वाणिज्यकर विभाग की १५० सचल दल इकाईयों में वाणिज्यकर अधिकारियों की बतौर प्रभारी तैनात किया जा सकता है। इसके लिए प्रयोग के तौर पर प्रदेश की ११ यूनिटों का प्रभार वर्तमान समय में वाणिज्यकर अधिकारियों के पास हैं जिसके अच्छे परिणाम देखने को मिलने के बाद माना जा रहा है कि कमिश्नर अमृता सोनी जल्द ही इसको लेकर को निर्देश जारी करेंगेद्य। गौरतलब है राज मार्गो के जरिये आने वाले टैक्सचोरी के माल की धर पकड़घ व माल के बिलों का संग्राह कर उनकी ऑनदृलाइन ड़ाटा फिडिघ्ंग करवाने की जिम्मेदारी प्रदेश की १५० सचल दल यूनिटों के पास है। वर्तमान समय में इन यूनिटों में प्रभारी के रूप में असिस्टेन्ट कमिश्नर तैनात हैं जबकि उनके सहायक के रूप में वाणिज्यकर अधिकारी तैनात है। असिस्टेन्ट कमिश्नर का एक पद बड़घ जरूर हैं लेकिन वाणिज्यकर अधिकारी भी राजपत्रित अधिकारी हैं इसलिए विभाग पर्याप्त मानव सम्पदा का राजस्व संग्राह में बेहतर उपयोग करने के लिए सचल दल में प्रभारी के रूप में वाणिज्यकर अधिकारियों को तैनात करने पर विचार कर रहा है। इसके साथ ही सचल दल से बचे हुए असिस्टेन्ट कमिश्नरों की क्षमता का उपयोग अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार सिन्हा की प्राथमिकता में शामिल ड़ाटा एनलिसिस के कार्य में किया जा सकता हैं क्योंकि जीएसटी लगने के बाद सभी ड़ॉटा ऑनदृलाइन हो गया है और प्राथमिकता है कि विभाग की विशेष जांच टीम (एसआईबी) जो भी जांच करे उसकी साप्य ड़ाटा के जरिये जुटाए जाएं।

द्द वही राज्य सरकार के मिशन शक्ति के तहत सचल दल में वर्तमान में सात महिला असिस्टेन्ट कमिश्नरों को पहली बार प्रयोग के रूप में तैनाती दी गयीं है। वही ज्वाइंट कमिश्नर एसआईबी में के पद पर महिला अधिकारी की तैनाती की गयीं जिससे यह प्रतीत होने लगा हैं आने वाले दिनों में सचल दल के प्रभारी के रूप में और भी महिला अधिकारियों को तैनाती का अवसर दिया जा सकता है। सचल दल में तैनाती चाहने का मुख्य कारण ये है कि यही एक ऐसा अनुभाग हैं जिसमें टैक्सचोरी के राजस्व को जमा करवाकर अपनी बेहतर कार्य क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं।

कांग्रेस की सावरकर विरोधी मुहिम से गरमाई उत्तर प्रदेश की सियासत

पिक्चर गैलरी का अनावरण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिमा गान करते हुए कहा कि सावरकर का व्यक्तित्व सभी देशवासियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस पर कांग्रेस की ओर से कड़ा एतराज जताया गया।

किसी राष्ट्र का इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है कि देश को आजादी दिलाने वाले नायकों पर ही सियासत शुरू हो जाए। देश को आजाद कराने के लिए दिए गए उनके बलिदान को थोथा साबित कर दिया जाए और यह सब इसलिए किया जाए जिससे कुछ लोगों की न केवल सियासत चमकती रहे बल्कि उनके पूर्वजों का कद भी ऊंचा रहे, जिन्होंने कभी भी आजादी की लड़ाई में अपना योगदान देने की बात बढ़–चढ़कर प्रचारित–प्रसारित करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। यहां तक की इतिहास तक पलट दिया गया। यही वजह है जिन्होंने आजादी के पूरे आंदोलन के दौरान कभी जेल की हवा नहीं खाई, गोरे सिपाहियों ने जिन पर लाठी नहीं चलाई वह ताल–तिकड़म से आजादी के महानायक बन गए और जिन्होंने दस वर्षों तक सेलुलर जेल में काला पानी की सजा काटी, उन्हें कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। ऐसे ही देश के महान सपूत वीर सावरकर आजकल कांग्रेस की आंख की किरकिरी बने हुए हैं। कांग्रेस एक तरफ देश भर में आजादी के नायक वीर सावरकर के खिलाफ जहर उगलती फिरती है वहीं दूसरी तरफ महाराष्ट्र में उस शिवसेना सरकार का हिस्सा बन जाती है जो महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को अपना नायक मानती है।

खैर, वीर सावरकर (विनायक दामोदर सावरकर) से कांग्रेस का दुराव पुराना है। वीर सावरकर को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच भी तलवारें खिंची रहती हैं। दरअसल, बीजेपी आजादी की लड़ाई में वीर सावरकर को नेहरू जैसे तमाम नेताओं से बड़ा और सच्चा नायक मानती है। इसीलिए योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नवसृजित पिक्चर गैलरी में जैसे ही महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर का चित्र लगाया तो कांग्रेस बिफर गई। परिषद में पार्टी के दल नेता दीपक सिंह ने सभापति रमेश यादव को पत्र लिखकर सावरकर के कार्यों को देश विरोधी बताया और फोटो हटाकर भाजपा के संसदीय कार्यालय में लगाने की मांग की है। पूर्व सपा नेता और सभापति रमेश यादव, जिनका कार्यकाल इस माह के अंत में खत्म हो रहा है, ने भी सियासी गोटियां बिछाते हुए प्रमुख सचिव को तथ्यों की जांच करने के निर्देश देने में देरी नहीं लगाई।

दरअसल, हाल ही में उत्तर प्रदेश विधान परिषद का सुंदरीकरण कराने के साथ ही वहां पिक्चर गैलरी बनाई गई है, जिसमें तमाम स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों के चित्र लगाए गए हैं। इनमें वीर सावरकर की तस्वीर भी शामिल है। पिक्चर गैलरी का अनावरण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिमा गान करते हुए कहा कि सावरकर का व्यक्तित्व सभी देशवासियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस पर कांग्रेस की ओर से कड़ा एतराज जताया गया। कांग्रेस के विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने सभापति को पत्र लिखकर कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों के बीच सावरकर का चित्र लगाना उन महापुरुषों का अपमान है। अंग्रेजों से माफी मांगने वाले, उनके साथ मिलकर देश के विरुद्ध लड़ने वाले, मोहम्मद अली जिन्ना की तरह दो राष्ट्र की मांग उठाने वाले को सिर्फ भाजपा की स्वतंत्रता सेनानी मान सकती है। विधान परिषद में प्रशिक्षण–भ्रमण पर आने वाले अधिकारी और छात्र यहां से क्या प्रेरणा लेंगे। कांग्रेस ने मांग की कि सावरकर के चित्र को विधान भवन के मुख्य द्वार से हटाकर भाजपा के संसदीय कार्यालय में लगा दिया जाए।

बहरहाल, कांग्रेस की सोच जो भी हो लेकिन वीर सावरकर को लेकर देश की बड़ी आबादी की सोच कांग्रेस से बिल्कुल इत्तेफाक नहीं रखती है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी वीर सावरकर को भारत रत्न देने की बात कर उन्हें महान देशभक्त बताती है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस उन्हें अंग्रेजों का पिट्ठू करार देकर लगातार विरोध करती रहती है।

हालांकि तमाम किन्तु–परंतुओं के बीच यह जान लेना भी जरूरी है कि एक समय ऐसा भी था जब कांग्रेस और वीर सावरकर एक–दूसरे के प्रबल समर्थक हुआ करते थे। वीर सावरकर ने एक समय कांग्रेस को आजादी की मशालवाहक तक करार दिया था। और तो और वीर सावरकर के जेल से छूटने के बाद कांग्रेस के कई नेताओं ने कई शहरों में वीर सावरकर के स्वागत में कार्यक्रम तक रखे थे, लेकिन समय के साथ काफी कुछ बदल गया और कांग्रेस ने वीर सावरकर से दूरी बनाकर उन्हें अपमानित करना भी शुरू कर दिया।

वीर सावरकर से कांग्रेस का विरोध जगजाहिर है, लेकिन इतने मात्र से सावरकर का कद छोटा नहीं हो जाता है। आधुनिक भारत में हिंदुत्व राष्ट्रवाद के पुरोधा माने जाने वाले सावरकर का बाल गंगाधर तिलक, दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस और नरीमन जैसे नेता भी समय–समय पर तारीफ करते रहे थे। वीर सावरकर हमेशा गोरी सरकार की आंख की किरकिरी बने रहे थे। इसीलिए उन्हें ब्रिटिश सरकार ने काला पानी की सजा देकर सेलुलर जेल में बंद कर दिया था। 1920 में गांधी, वल्लभभाई पटेल और तिलक ने ब्रिटिश शासकों से सावरकर को बगैर शर्त छोड़ जाने की मांग रखी थी, लेकिन इस सबके बावजूद वीर सावरकर और कांग्रेस एक घटना को लेकर इस तरह आमने–सामने आए कि दोनों के बीच दुश्मनी की दीवार खड़ी हो गई।

हुआ यह कि नॉर्थ वेस्ट फ्रंटियर प्रॉविन्स में कुछ हिंदू युवतियों का अपहरण हो गया। इस अपहरण कांड को लेकर तमाम तरह की खबरें फैल रही थीं। इसी में एक खबर यह भी थी कि कुछ स्थानीय नेताओं जिसमें डॉ. खान साहिब के नाम से मशहूर अब्दुल जफ्फार खान का भी नाम शामिल था, ने अगवा की गई युवतियों को वापस मुस्लिम अपहरणकर्ताओं को सौंपे जाने की मांग की थी। उनकी इस मांग का कांग्रेस के नेताओं ने अपनी सभा में समर्थन किया था। इससे क्रोधित वीर सावरकर ने कांग्रेसी नेताओं को कथित रूप से 'राष्ट्रीय हिजड़े' ही उपाधि दे दी। इसके बाद कांग्रेस और वीर सावरकर एक–दूसरे के कट्टर दुश्मन बन गए। उस समय कांग्रेस ने वीर सावरकर का विरोध करते हुए कहा था कि वह जिस घटना को आधार बनाकर कांग्रेस पर लांछन लगा रहे हैं, वह घटना काल्पनिक है।

इस पूरे प्रसंग का उल्लेख करते हुए वैभव पुरंदरे ने अपनी पुस्तक 'सावरकर द ट्रू स्टोरी ऑफ फादर ऑफ हिंदुत्व' में लिखा कि उक्त प्रकरण के बाद पुणे में सावरकर के जेल से छूटने के बाद होने वाले स्वागत कार्यक्रम के प्रभारी कांग्रेसी नेता एनवी गाडगिल ने स्वागत प्रभारी पद छोड़ दिया और सावरकर पर आरोप लगाया कि उन्होंने (सावरकर) जिस खबर पर कड़ी प्रतिक्रिया दी, वही झूठी थी।

पुरंदरे ने अपनी किताब में लिखा कि गाडगिल ने कहा था कि डॉ. खान साहिब के नाम से मशहूर अब्दुल जफ्फार खान ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया कि लड़कियां अपहरणकर्ताओं को सौंपी जानी चाहिए।

अब्दुल गफ्फार खान सीमांत गांधी के नाम से मशहूर गफ्फार खान के भाई थे। ये उनके नाम से छपा जरूर था। गाडगिल के इस बयान के बाद रिपोर्टिंग को लेकर सवाल खड़े हुए थे।

गाडगिल के इस कदम के बाद सावरकर ने कहा कि अगर खान साहिब के नाम से छपा ये बयान वास्तविक नहीं हुआ तो मुझसे ज्यादा खुशी किसी और को नहीं होगी। पुरंदरे लिखते हैं कि सावरकर ने इस मुद्दे पर कई तरह से सफाइयां दीं और कांग्रेस के साथ कई किस्म की बातचीत हुई, लेकिन सावरकर को कांग्रेस ने ब्लैकलिस्ट में डाल दिया। सावरकर का जो भी कार्यक्रम होता, वहां कांग्रेसी काले झंडे लेकर विरोध प्रदर्शन करने पहुंच जाते थे। इस पूरे घटनाक्रम के बाद सावरकर और कांग्रेस के बीच फिर कभी बात नहीं बनी। सावरकर भी बाबा साहेब आंबेडकर को छोड़ नेहरू, गांधी और सभी प्रमुख कांग्रेसी नेताओं की समय–समय पर आलोचना करते रहे। उधर, कांग्रेस भी पूरी ताकत से सावरकर के विरोध में खड़ी होकर सावरकर को धीरे–धीरे भारतीय राजनीति से दरकिनार करती चली गई। वीर सावरकर की ऐसी छवि बना दी गई मानो वह हिन्दू राष्ट्र के पक्षधर हों। सावरकर के बारे में कांग्रेस ने अनर्गल प्रचार करके उनकी छवि धूमिल करने का कभी कोई मौका नहीं छोड़ा और यह सिलसिला आज तक जारी है। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी तो वीर सावरकर को लेकर निम्न स्तर की सियासत पर उतर आते हैं।

जो गोपनीयता व्हाट्सएप की जान थी उसे फेसबुक खत्म करने में लगा है

आजकल व्हाट्साप को दुनिया के करोड़ों लोग रोज इस्तेमाल करते हैं। वह भी मुफ्त! लेकिन पिछले दिनों लाखों लोगों ने उसकी बजाय 'सिग्नल', 'टेलीग्राम' और 'बोटिम' जैसे माध्यमों की शरण ले ली और यही क्रम कुछ महीने और चलता रहता तो करोड़ों लोग 'व्हाट्साप' से मुंह मोड़ लेते। ऐसी आशंका इसलिए हो रही है कि व्हाट्साप की मालिक कंपनी 'फेसबुक' ने नई नीति बनाई है जिसके अनुसार जो भी संदेश व्हाट्साप से भेजा जाएगा, उसे फेसबुक देख सकेगा याने जो गोपनीयता व्हाट्साप की जान थी, वह निकलने वाली थी। व्हाटसाप की सबसे बड़ी खूबी यही थी और जिसका बखान उसे खोलते ही आपको पढ़ने को मिलता है कि आपकी बात या संदेश का एक शब्द भी न कोई दूसरा व्यक्ति सुन सकता है और न पढ़ सकता है। यही वजह थी कि देश के बड़े–बड़े नेता भी आपस में या मेरे–जैसे लोगों से दिल खोलकर बात करना चाहते हैं तो वे व्हाट्साप का ही इस्तेमाल करते हैं।

इसका दुरुपयोग भी होता है। आतंकवादी, हत्यारे, चोर–डकैत, दुराचारी और भ्रष्ट नेता व अफसरों के लिए यह गोपनीयता वरदान सिद्ध होती है। इस दुरुपयोग के विरुद्ध सरकार 'व्यक्तिगत संवाद रक्षा कानून' ला रही है, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गोपनीयता की रक्षा तो करेगा ही लेकिन संविधान विरोधी बातचीत या संदेश को पकड़ सकेगा। मैं आशा करता हूं कि इस महत्वपूर्ण कानून को बनाते वक्त हमारी सरकार और संसद वैसी लापरवाही नहीं करेगी, जैसी उसने कृषि–कानूनों के साथ की है।

अभी भी व्हाट्साप पर स्वास्थ्य–जांच रपटें, यात्रा और होटल के विवरण तथा व्यापारिक लेन–देन के संदेशों को भेजने की खुली व्यवस्था है। 'फेसबुक' चाहती है कि 'व्हाट्साप' की समस्त जानकारी का वह इस्तेमाल कर ले ताकि उससे वह करोड़ों रुपए कमा सकती है और दुनिया के बड़े–बड़े लोगों की गुप्त जानकारियों का खजाना भी बन सकती है। व्हाटसाप इस नई व्यवस्था को 8 फरवरी से शुरू करने वाला था लेकिन लोगों के विरोध और क्रोध को देखते हुए उसने अब इसे 15 मई तक आगे खिसका दिया है।फेसबुक को व्हाट्साप की मिल्कियत 19 अरब डालर में मिली है। वह इसे कई गुना करने पर आमादा है। उसे पीछे हटाना मुश्किल है लेकिन 'यूरोपियन यूनियन' की तरह भारत का कानून इतना सरल होना चाहिए कि नागरिकों की निजता पूरी तरह से सुरक्षित रह सके लेकिन मेरा अपना मानना यह है कि जिन लोगों का जीवन खुली किताब की तरह होता है, उनके यहाँ गोपनीयता नाम की कोई चीज ही नहीं होती। वे किसी फेसबुक से क्यों डरें ?

शहर के चौराहों पर नहीं है दिशा संकेतक, रास्ता पूछने में ही लग जाता है जाम

जौनपुर। लंबे समय से जाम की समस्या से जूझ रहे शहर के प्रमुख चौराहों और तिराहों पर कोई दिशा संकेतक न होना जाम की एक बड़ी वजह है। संकेत बोर्ड न होने के चलते बाहर से आने वालों को शहर में भटकना पड़ता है। कई बार भारी वाहन भी रास्ता पूछने के लिए बीच सड़क पर ही खड़े हो जाते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है।

वाराणसी–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग, दुद्धी–लुंबिनी हाईवे, प्रयागराज–गोरखपुर हाईवे शहर से ही होकर गुजरते हैं। इन सभी हाईवे पर शहर में कई चौराहे और तिराहे हैं। लेकिन किसी भी चौराहे पर ऐसा कोई दिशा संकेतक नहीं है, जिसके सहारे वाहन चालक बिना किसी से रास्ता पूछे आगे बढ़ सके। कई बार वाहन गलत दिशा में मुड़कर जाम का कारण बन जाते हैं। गोरखपुर–आजमगढ़ की तरफ से आने वाले वाहन जब वाजिदपुर तिराहे पर पहुंचते हैं तो उन्हें समझ में नहीं आता कि यहां से वाराणसी किस दिशा में जाना है और लखनऊ और प्रयागराज के लिए किधर मुड़ना है। लखनऊ या वाराणसी की तरफ से आने वाले वाहनों को पॉलीटेक्निक और वाजिदपुर तिराहे पर ऐसी ही समस्या से जूझना होता है। शहर के प्रमुख चौराहों में शुमार जेसीज चौराहे पर भी कोई संकेतक नहीं है। नईगंज तिराहा, मुरादगंज तिराहा, कलीचाबाद बाईपास, पचहटिया और सिपाह तिराहे पर भी कोई बोर्ड नहीं लगा है। शहर के अंदर ओलंदगंज, चहारसू, कोतवाली, घग्घा चौराहे का भी यही हाल है।

पुराना दिशा संकेतक बना है समस्या

जौनपुर। शहर के पॉलिटेक्निक चौराहे पर बहुत पहले संकेतक बोर्ड लगा है। इस पर मिर्जापुर 70 किमी लिखकर सड़क की ओर तीर से दर्शाया गया है, जबकि वर्ष 2014 में सिटी स्टेशन रेलवे क्रॉसिंग पर जब रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शुरू हुआ तभी से इस मार्ग पर आवागमन बंद है। ऐसे में कई भारी वाहन बोर्ड देखकर अक्सर पॉलीटेक्निक चौराहे से ही मिर्जापुर की तरफ मुड़ जाते हैं। जब तक उन्हें ट्रैफिक पुलिस या अगल बगल के लोग आगे रोड बंद होने की जानकारी देते हैं तब तक उस वाहन के आगे पीछे भी अन्य कई वाहन खड़े हो चुके होते हैं, जिससे जाम लग जाता है।

शहर के चौराहों पर संकेत बोर्ड लगाने के लिए यातायात पुलिस के पास कोई बजट नहीं है। अन्य शहरों में भी यह काम नगर निगम या नगर पालिका के जिम्मे होता है। यहां भी नगर पालिका को संकेत बोर्ड लगाने के लिए पत्र लिखा गया है। –वीरेंद्र कुमार बरवार, यातायात निरीक्षक।

शहर के सभी प्रमुख चौराहों–तिराहों पर संकेतक लगाने की योजना है, लेकिन यह काम सड़कों की मरम्मत के बाद होगा। इन दिनों शहर में सड़क के चौड़ीकरण और सीवर लाइन बिछाने के लिए कई जगह खोदाई चल रही है। निर्माण पूरा होते ही सभी जरूरी स्थानों पर बोर्ड लगा दिया जाएगा।

गांव में रोजगार की मंशा धड़ाम, 64 हजार को एक दिन भी नहीं मिला काम

जौनपुर। मनरेगा मजदूरों का पलायन रोकने के लिए गांव में ही काम देने की मंशा जिले में धड़ाम हो गई है। इस वित्तीय वर्ष में 2.72 लाख मजदूरों के सापेक्ष महज 8494 मजदूर ही सौ दिन का काम पा सके हैं। करीब 64 हजार मजदूरों को काम ही नहीं मिला। वहीं दो लाख मजदूर ऐसे थे, जिन्हें काम तो मिला, मगर सौ दिन के लक्ष्य से अभी वह कोसों दूर हैं। यह हाल भी तब है, जब कोरोना काल में मजदूरों को काम देने के लिए खूब योजनाएं बनाई गईं।कोरोना महामारी के कारण हुए लॉक डाउन में बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर जिले में आए थे। सरकार के निर्देश पर उन्हें गांव में रोजगार से जोड़ने की पहल शुरू हुई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके नए जॉब कार्ड भी बनाए गए।

बेटियों को शिक्षित करना देश हित में आवश्यक : सीमा

सतहरिया। नीभापुर स्थित गिरजाशंकर इंटर कॉलेज में

बृहस्पतिवार को नवनिर्मित विज्ञान कक्ष का राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने उद्घाटन किया। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए उन्हें अच्छी तालीम देने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। राज्य सभा सांसद ने कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधने व देश के विकास में शिक्षा ही एक मात्र विकल्प है। इसके माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों व कुरीतियों को दूर किया जा सकता है। बेटा–बेटी की शिक्षा में अभिभावकों को भेदभाव नहीं करना चाहिए। इसके पूर्व उन्होंने संस्थापक गिरजाशंकर तिवारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य संघ के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय का अभिनंदन हुआ। अध्यक्षता छोटेलाल तिवारी और संचालन जयकिशन यादव व राजीव रत्नम तिवारी ने किया। प्रधानाचार्य सर्वेश चंद्र द्विवेदी व प्रबंधक हरिचंद्र तिवारी ने आभार जताया। इस मौके पर डायरेक्टर प्रभाकर द्विवेदी, शोभनाथ पांडेय, राजमूर्ति तिवारी, उप प्रबंधक कपिल देव पांडेय, अनिल चौबे, विजय कुमार दुबे, रामनयन सिंह, डॉ. राम सिंगार शुक्ला, घनश्याम मिश्रा, मनोज कुमार, अनिल कुमार यादव, रविंद्र नाथ, ज्ञानेंद्र आदि मौजूद रहे।

किसानों की आय दो गुनी करने की दी जानकारी

जौनपुर। जिले के सिरकोनी, खुटहन, रामपुर व मुफ्तीगंज ब्लाकों में बृहस्पतिवार को कृषि विभाग ने किसान कल्याण मिशन के तहत गोष्ठी और किसान मेला लगाया। वैज्ञानिक तरीके अपनाकर किसानों को आय दोगुनी करने के तरीके बताए गए। प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।

जफराबादरूसिरकोनी ब्लॉक के मेले में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य अरविंद सिंह ने कहा कि सरकार किसानों को उनकी मेहनत का पूरा फायदा देना चाहती है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुरेंद्र सोनकर ने आय दोगुनी करने के लिए फायदेमंद फसलों की पैदावार करने की जानकारी दी। सीवीओ डॉ. वीरेंद्र सिंह ने पशुओं की देखभाल के उपाय बताए। अध्यक्षता बीडीओ प्रवीण कुमार त्रिपाठी व संचालन चंद्रशेखर सिंह ने किया। इस मौके पर सुमंत कुमार, रवींद्र कुमार, विनय कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे। खुटहनरू ब्लाक मुख्यालय पर किसान गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि माटी कला बोर्ड के प्रदेश सदस्य अजीत प्रजापति व भाजपा नेता नरेंद्र उपाध्याय ने किया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी राजेश राय ने कहा कि तकनीकी खेती अपना कर किसान खेती से अच्छा मुनाफा कमा सकता है। इसके लिए मिट्टी की जांच से लेकर सभी वैज्ञानिक विधियों का उपयोग करना जरूरी है। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष वंशबहादुर पाल, बेचन पांडेय, प्रेमचंद तिवारी, एडीओ एजी मनोज कुमार, दिनेश सिंह, अन्नू दुबे, राजेंद्र पाल आदि मौजूद रहे। रामपुररू स्थानीय ब्लाक परिसर में किसान गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि मड़ियाहूं विधायक डॉ. लीना तिवारी ने किया। कहा कि किसानों का योगदान देश के विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्हें कोई परेशानी न हो यह हमारी प्राथमिकता है। विषय वस्तु विशेषज्ञ जय प्रकाश गुप्ता, बीडीओ राजीव कुमार सिंह, कृषि अधिकारी ललित मोहन यादव, शरद उपाध्याय, गुरु प्रसाद मौर्य, पवन पांडेय, शंभू तिवारी, शिव शंकर गुप्ता आदि ने जानकारी दी।

शिक्षक की प्रयागराज में मिली लोकेशन

डोभी। चंदवक थाना क्षेत्र के बीरीबारी गांव से संदिग्ध हाल में लापता शिक्षक आलोक सिंह का लोकेशन पुलिस ने प्रयागराज में होने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि परिवार के लोगों से शिक्षक लगातार संपर्क में है। उधर, शिक्षक ने सोशल मीडिया में वीडियो जारी कर पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। बीरीबारी गांव निवासी शिक्षक आलोक सिंह मंगलवार की रात संदिग्ध हाल में लापता हो गए थे। वह घर से चंदवक बाजार गए, जिसके बाद से उनका कहीं पता नहीं है।

!! शिक्षित महिला !! !! शिक्षित समाज !!

Website : www.jaybajrang.org

Email : jaybajrangmm@rediffmail.com

जय बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

(सम्बद्ध–वी0ब0सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर)

मुँगरा बादशाहपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

प्रवेश प्रारम्भ

बी0ए0– (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, प्रा0इतिहास, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, राजनीति विज्ञान, संगीत)

एम0ए0– (हिन्दी, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान)

बी0एस0सी0– (प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित)

बी0एड0– (कला एवं विज्ञान वर्ग)

डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0)

अध्ययन केन्द्र–उ0प्र0राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(एस–213) शान्तीपुरम्, फाफामऊ, इलाहाबाद

मोबाइल नं0–

7398144409 , 9451117446

डॉ0घनश्याम मिश्र

संस्थापक / प्रबन्धक

स्वात्वाधिकारी, मुद्रक प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक घनश्याम मिश्र द्वारा "जनछाया" बजरंग प्रिटिंग प्रेस, मुँगरा बादशाहपुर, जौनपुर से प्रकाशित

कार्यकारी सम्पादक :
चंचल मिश्र

फोन : 9451117446

editorjanchhaya@gmail.com